हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर, 2025

13 धीरूभाई अंबानी क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखे रोमांचक मैच



14 रेल किराया बढ़ोतरी पर मंच ने जताया विरोध



# सवेरा स्कूल में सीएम फ्लाइंग की रेड, निर्माण कार्य में खामियां मिलने पर प्रिंसिपल को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के दिए निर्देश

### दो कमरों के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक ने दिए थे 10 लाख रुपये दान

### 166 कट्टे सीमेंट के खराब मिले, सरिये में भी लगा था जंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीएम फ्लाइंग, शिक्षा विभाग और जिला बाल कल्याण अधिकारी की संयुक्त टीम ने सोमवार को कच्चा तलाव रोड स्थित सवेरा स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को स्कूल परिसर में चल रहे दो कमरों का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा मिला। मौके पर निर्माण सामग्री की भी बदहाल स्थिति सामने आई। यहां 166 कट्टे सीमेंट खराब पाए गए, जबकि निर्माण में इस्तेमाल होने वाला सरिया पूरी तरह जंग लगा हुआ मिला। सीएम फ्लाइंग रोहतक के उप



निरीक्षक रामनिवास के नेतृत्व में की गई इस रेड के पीछे शिकायत थी कि दो कमरों के निर्माण के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण कुमार गहलावत ने अपने माता-पिता के नाम से करीब 10 लाख रुपये दान किए थे। इसके अलावा सीएसआर फंड के अंतर्गत जेके सुपर सीमेंट कंपनी की ओर से 200 कट्टे सीमेंट और 20 क्विंटल सरिया दिया गया था, फिर भी निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। पूछताछ के दौरान बताया गया कि तत्कालीन उपायुक्त की ओर से यहां ऑडिटोरियम बनाने की योजना थी। टीम द्वारा निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारणों को लेकर स्कूल प्रिंसिपल को नोटिस जारी करने और उनसे जवाब तलब करने के निर्देश दिए हैं। मामले की जांच के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नगर परिषद ने खस्ताहाल पार्कों की शिकायतों पर लिया संज्ञान, साढ़े 3 करोड़ में होगी मरम्मत

# शहर के 72 पार्कों में खर्च होंगे 4 करोड़ रुपये, 59 लाख से लगेंगे 19 तरह के झूले

***235 नए झूले लगाए जाने की योजना, वर्क ऑर्डर हो चुका है जारी : सरोज राठी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद की ओर से शहर के 72 पार्कों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार खस्ताहाल पार्कों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। उनका दावा है कि यह काम पूरा होने के बाद नगर के पार्कों में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को बेहतर वातावरण मिल सकेगा।

नगर परिषद की ओर से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से पार्कों में आवश्यकता अनुसार चारदीवारी का निर्माण, छतरियों की व्यवस्था, योगा शेड, बैठने के लिए बेंच, फुटपाथ और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। कुछ चुनिंदा पार्कों में ओपन जिम के उपकरण भी लगाए जाएंगे, जिससे युवा और बुजुर्ग दोनों वर्गों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इसके अलावा करीब 59 लाख रुपये की लागत से सभी पार्कों में कुल 19 प्रकार के झूले लगाए जाएंगे। कुल 235 नए झूले लगाए जाने की योजना है। इनमें बच्चों के लिए स्लाइड, सी-सॉ, स्विंग, मल्टी-प्ले स्टेशन सहित अन्य आधुनिक झूले शामिल हैं।



बहादुरगढ़। पार्क में झूलों की फाउंडेशन तैयार करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### सुधरेंगे हालात

चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि शहर के अधिकांश पार्क लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुके थे। कई जगह झूले टूटे हुए थे और बच्चों के लिए असुरक्षित हो गए थे। लगातार मिल रही शिकायतों और नागरिकों की मांग को देखते हुए नगर परिषद ने पार्कों के सुधार के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की। अब वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है और झूले लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। पार्कों की मरम्मत और अन्य निर्माण कार्य भी एक-दो दिनों में शुरू हो जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाएगा और समयबद्ध तरीके से सभी कार्य पूरे किए जाएंगे।



### निजी स्कूल नहीं मान रहे सरकारी आदेश

## 20 निजी स्कूलों ने यू-डाइस पोर्टल पर अपडेट नहीं की प्रोफाइल



बहादुरगढ़। कार्यालय में चल रहा अपडेट संबंधित कार्य।

- शिक्षा विभाग ने आज तक का दिया समय, अपडेट न करने पर होगी कार्रवाई

बहादुरगढ़। यू-डाइस पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने के मामले में सरकारी स्कूल आगे हैं तो वहीं कुछ निजी स्कूल इस मामले में पीछे हैं। अब तब 20 निजी स्कूलों ने प्रोफाइल अपडेट नहीं की है। अपडेट करने के लिए इनके पास 23 दिसंबर तक का समय है। प्रोफाइल अपडेट को लेकर शिक्षा विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एमआईएस को-ऑर्डिनेटर सीमा और लेखाकार अशोक कुमार ने बताया कि खंड के सभी 155 सरकारी स्कूलों ने पोर्टल पर अपना स्कूल प्रोफाइल पूर्ण कर लिया है। वहीं 165 निजी विद्यालयों में से 145 स्कूलों ने आवश्यक डाटा अपडेट कर दिया है, जबकि 20 निजी स्कूलों ने अब तक यू-डाइस पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट नहीं किया है। इन स्कूलों की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। यू-डाइस प्रणाली के अंतर्गत स्कूल प्रोफाइल के साथ-साथ शिक्षक मॉड्यूल और विद्यार्थियों के नामांकन, प्रोफाइल व स्कूल छोड़ने से संबंधित डाटा को अपडेट करना अनिवार्य है। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि संबंधित 20 स्कूलों को 23 दिसंबर तक का समय दिया गया है। तय समय सीमा तक प्रोफाइल अपडेट नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कविता सहरावत ने भी स्कूलों को प्रोफाइल अपडेट कराने में सहयोग किया।

## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में मंगलवार को बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी।

### अज्ञात कारणों से 3 बच्चों की मां ने लगाई फांसी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव हसनपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान प्रीति पत्नी अनिल के तौर पर हुई है। प्रीति तीन बच्चों की मां थी। जब घर में कोई नहीं था उसने फांसी लगा ली। मामले की जांच अधिकारी भावना ने बताया कि देर शाम का मामला होने के कारण शव को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**झज्जर।** चोरों के हौसले बुलंद हैं। भट्टी गेट क्षेत्र में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित युवक गुलाब गोठवाल ने बताया कि उसने अपने मकान में निर्माण कार्य चलाया हुआ है। इस कारण उसकी बाइक घर के बाहर ही खड़ी थी। शाम करीब पौने छह बजे जब उसने बाहर निकलकर देखा तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। ऐसे में उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी बाइक के संबंध में पूछा लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद उसने बाइक चोरी की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी।

### अवैध देशी पिस्तौल व कारतूस सहित गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा 2 ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया। लाडपुर मोड़ पर नाकाबंदी के दौरान पकड़े गए आरोपी की पहचान खजान उर्फ सोनू के रूप में हुई है। आरोपी के पास से देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। उसके खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया।

### कार की टक्कर से ऑटो चालक सहित चार घायल

**बहादुरगढ़।** गांव बराही में कार और ऑटो की टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो चालक सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बराही के निवासी कुलदीप ने कहा है कि वह ऑटो चलाता है। रात करीब आठ बजे बहादुरगढ़ से ऑटो लेकर अपने गांव के लिए चला। ऑटो में उसकी मां, गांव का सुरेश तथा एक लड़की सवार थी। गांव में पहुंचे तो एक कार ने सीधी टक्कर मार दी। वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

## बगैर पेमेंट किए सामान लेकर भागने वाला गिरोह सक्रिय

***माता गेट के किरयाणा स्टोर से सामान लेकर फरार हुए बाइक सवार***

**झज्जर।** दुकान से सामान लेकर बगैर पेमेंट किए भागने का मामला फिर से सामने आया है। इस बार माता गेट क्षेत्र स्थित एक किरयाणा स्टोर संचालक को निशाना बनाया गया है। पीड़ित दुकानदार ओमप्रकाश ने बताया कि रविवार को करीब सवा तीन बजे जब वह दुकान पर था तो उसके पास दो युवक मोटरसाइकिल पर पहुंचे। इनमें से एक युवक मोटरसाइकिल से उतरकर दुकान पर आ गया जबकि दूसरा युवक मोटरसाइकिल स्टार्ट किए हुए वहीं रहा। युवक ने उससे पांच पैकेट सिगरेट, कुरकुरे व बिस्किट के पैकेट तथा ग्लास सहित 760 रुपये का सामान लिया। इसके बाद उस युवक ने मोबाइल को क्यूआर कोड के सामने कर पेमेंट करने का नाटक किया। ओमप्रकाश के अनुसार इस बीच वह दूसरे ग्राहकों को सामान देने में लग गया और युवक बगैर पेमेंट किए तुरंत मोटरसाइकिल पर बैठ कर मौके से फरार हो गया। जब उसने इस घटना का जिक्र अन्य लोगों से किया तो पता चला कि शहर में कई दुकानों पर पहले भी इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें मोटरसाइकिल पर युवक आते हैं और बगैर पेमेंट किए सामान लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं।



पीड़ित दुकानदार ओमप्रकाश।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

- परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस

**बहादुरगढ़।** गांव दहकोरा में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। किस वाहन ने उसको टक्कर मारी, ये अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 24 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। गांव दहकोरा का रहने वाला था और रोहद स्थित एक कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, रविवार को छुट्टी के बाद अपने घर जा रहा था।

रेलवे फाटक पार करने के बाद जब वह दहकोरा की ओर बढ़ा तो इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इसके बाद उसकी पत्नी प्रियंका के बयान लेकर केस दर्ज किया और सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया। रोहित परिवार का इकलौता पुत्र था। करीब दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। वह चार महीने की बेटी का पिता था। घर में केवल उसकी पत्नी और चार माह की मासूम बच्ची रह गई है।

### कोहरे में दृश्यता कम होने से सड़क पर दुर्घटनाओं का बढ़ा अंदेशा

## 9 डिग्री पहुंचा रात का पारा शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी





झज्जर। ठंड से बचने के लिए अलाव तापते हुए व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- किसान बढ़ती ठंड को गेहूं की फसल के लिए लाभकारी बता रहे

दिन प्रतिदिन ठंड बढ़ती ही जा रही है। जिसका असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ रहा है। सोमवार को भी दिनभर चली शीतलहर के कारण लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में काफी परेशानी हुई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोग अपने घरों व दुकानों के बाहर अलाव तापते दिखाई दिए। उधर, दिनभर चली शीतलहर के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज करने का अनुमान लगा रहे है। उधर, किसान बढ़ती ठंड को गेहूं की फसल के लिए लाभकारी बता रहे है।

### कोहरे के मौसम में सड़क पर दौड़ लगाने से बचें : डॉ. राजश्री सिंह

**झज्जर।** ठंड के साथ धुंध एवं कोहरे का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में सड़क पर दौड़ने, टहलने या व्यायाम करने वाले लोगों के के साथ सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने जिलावासियों से अपील की है कि वे इस मौसम में सड़क पर व्यायाम करने अथवा दौड़ लगाने से बचें। उन्होंने कहा कि कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को सामने चल रहे व्यक्ति समय पर दिखाई नहीं देते, जिससे अचानक हादसे हो सकते हैं। प्रदेश के अधिकांश युवा पैरामिलिट्री फोर्स, सेना और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होने की तैयारी करते हैं, जिसके लिए वे नियमित रूप से दौड़ और शारीरिक अभ्यास करते हैं। ऐसे युवाओं से अपील है कि वे सड़क के बजाय खेल स्टेडियम, खुले मैदान, पार्क या अन्य सुरक्षित स्थानों पर ही अभ्यास करें। यदि किसी कारणवश सड़क के पास जाना आवश्यक हो तो रिफ्लेक्टर युक्त जैकेट या चमकीले कपड़े पहनें। उन्होंने वाहन चालकों से भी कोहरे के समय धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट का प्रयोग करने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।



डॉ. राजश्री सिंह, पुलिस कमिश्नर, झज्जर।

### सम्मान | शहीद होशियार सिंह स्टेडियम में विजेता खिलाड़ी का किया जोरदार स्वागत

# नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में साहिल ने जीता गोल्ड

- गुजरात में हुई सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप के ग्रीको रोमन वर्ग में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गुजरात में हुई सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप के 60 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले पहलवान साहिल कादयान का शहीद होशियार सिंह स्टेडियम में जोरदार अभिनंदन किया गया। अखाड़ा संचालक, कोचों, पहलवानों और खेल प्रेमियों ने साहिल का सम्मान किया।



बहादुरगढ़। पहलवान साहिल को बधाई देते अतिथि, खेल प्रेमी व साथी खिलाड़ी।

अखाड़ा संचालक सोल्हा पहलवान ने बताया कि साहिल बचपन से ही उनके मार्गदर्शन में कुश्ती के दांव-पेच सीख रहा है। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के बल पर साहिल ने राष्ट्रीय स्तर पर यह बड़ी सफलता हासिल की है। मुख्य अतिथि बीजेपी हरियाणा लाभार्थी योजना के प्रदेश संयोजक संजीव सैनी ने साहिल कादयान को सम्मानित करते हुए उसकी पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि साहिल जैसे खिलाड़ी हरियाणा की खेल संस्कृति की सच्ची पहचान हैं और आने वाले समय में वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश का तिरंगा लहराएंगे।

भीम अवार्डी चरण सिंह राठी, मास्टर महाबीर छिल्लर, बलवान मास्टर जयपाल पहलवान, बालू प्रधान, मनोज बागड़ी, पहलवान दीपक, करण अन्य ने साहिल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### तीन तैराक भारतीय सेना में हुए चयनित



**बहादुरगढ़।** तैराकी में उम्दा प्रदर्शन के आधार पर हरियाणा के तीन युवाओं का चयन भारतीय सेना में हो गया है। अब ये तीनों युवा 26 दिसम्बर को भारतीय सेना ज्वाइन करेंगे और तैराकी प्रतियोगिताओं में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। भारतीय तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि तैराक रविंद्र, सचिन और रोबिन नैन हरियाणा के बेहद प्रतिभाशाली तैराक हैं। बहादुरगढ़ की चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल पर हुए ट्रायल में इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। उसके बाद इन्होंने भारतीय सेना में तैराकी के आधार पर फिजिकल और मेडिकल पास किया। इन तीनों ने 28 सितंबर को हुई लिखित परीक्षा पास की और अंततः भारतीय सेना में शामिल होने का लक्ष्य भी हासिल कर लिया। उन्होंने तीनों युवाओं को बधाई दी।

## गोरक्षा दल ने बांग्लादेशियों के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन

- शहरवासियों से की बांग्लादेशियों को मकान किराए पर न देने की अपील

**झज्जर।** गोरक्षा दल से जुड़े युवाओं द्वारा सोमवार देर सायं बांग्लादेशी भगाओ-देश बचाओ के नारे लगाते हुए रोष प्रदर्शन किया। युवा मंजीत गोदारा के नेतृत्व में शहर के अंबेडकर चौक पर एकत्रित युवा तरुण दलाल, सुनील उमरानिया, आरजू दौचानिया, मनोज सुलौधा, नितिन, यश खन्ना, एडवोकेट आशीष चौहान आदि ने कहा कि शहर के कई लोग रुपयों के लालच में बांगलादेशी रोहिंग्या लोगों को किराए पर रख रहे हैं जो गलत है। ये बांग्लादेशी बाद में उन्हीं के लिए मुसीबत का कारण बनेंगे। मंजीत गोदारा ने कहा कि ये लोग अपनी जनसंख्या बढ़ाने में विश्वास रखते हैं और हिंदुओं पर अत्याचार करते हैं। आज का हिंदू जात-पात में बंटकर अपने धर्म को भूलता जा रहा है। युवाओं ने कहा कि इसके लिए अभी से जागरूक होना पड़ेगा।





झज्जर। अंबेडकर चौक पर रोष प्रदर्शन करते हुए युवा।

हरिभूमि

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

## प्रभु ईसा मसीह का संदेश बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

### सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द





सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।

### न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

### आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है।

## क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन

निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।





**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।

**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायार्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरट।

बच्चे और आप

नम्रता नदीम

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।

## दादा-दादी और बच्चे खूब भाता है एक-दूसरे का साथ



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं।

मेकअप

सरिता गुप्ता

## फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।

**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।



**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**



## कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन

निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**

## सैनी ने फिर उठाया सड़कों में भ्रष्टाचार का मुद्दा


बहादुरगढ़। सड़क निर्माण प्रक्रिया पर सवाल उठाते जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़। एक तरफ जहां विपक्ष भ्रष्टाचार को लेकर लगभग खामोश है। वहीं भाजपा नेता जसबीर सैनी भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार मुखर बने हुए हैं। उन्होंने सोमवार को भी आरोप लगाया कि बहादुरगढ़ में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़कों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जसबीर सैनी ने जरदकपुर से गंगड़वा, इस्सरहेड़ी से झाड़ौदा और सिद्दीपुर से मुंडेला रोड का निरीक्षण किया। उनके अनुसार बीएंडआर द्वारा नियमानुसार रोड नहीं बनाए जा रहे हैं। उन्होंने पहले भी सड़कों में भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत सरकार को भेजी है। लेकिन दुर्भाग्य से अधिकारी कार्रवाई नहीं होने देते। इसी कारण दो-तीन महीने पहले बनी सड़कें उखड़ रही हैं। बिलिंग में भी पैमाइश अधिक लिखकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

## अंग्रेजी क्विज में पटेल सदन की टीम रही प्रथम



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता टीम के खिलाड़ी।

झज्जर। : एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को अंतरसदनीय अंग्रेजी क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस क्विज में मिडिल हेड अनीता यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई जबकि मंच संचालन अंग्रेजी टीचर पारुल यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता परिणामों में पटेल सदन की टीम से रियांश, समीर, यश, हिमांशी, जानवी व महक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा रमन सदन की टीम से लक्ष्य, अंकिता, आयुष, अनिकेत, चेष्ठा व दृष्टि द्वितीय तथा कलाम सदन से वंशिका, प्रीत, कशिश, लघु, परी व नकुल तृतीय रहे। अटल सदन की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिताएं जरूरी होती हैं। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया और सचिव विशाल नेहरा द्वारा विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक



झज्जर। सोमवार को आईटीआई गुढ़ा परिसर में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय, करनाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन राखी रावल एमएसएमई-डीएफओ ने किया। उपनिदेशक केसी मीना ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा पीएम विश्वकर्मा योजना की पृष्ठभूमि, लक्षित लाभार्थी, सहायता घटक एवं कारीगरों और पारंपरिक उद्यमियों के सशक्तिकरण में योजना की भूमिका पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। वहीं एलडीएम विजय सिंह ने प्रतिभागियों की ऋण संबंधी समस्याओं का समाधान किया तथा उन्हें बैंकिंग प्रक्रियाओं, वित्तीय साक्षरता एवं सरकारी बीमा योजनाओं के महत्व के बारे में अवगत कराया।

## शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा


झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

झज्जर। बाकरा हेड में मिले रोहतक से लापता युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी योमेश कुमार ने बताया कि रविवार को अस्पताल परिसर पहुंच कर परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त की गई। मृतक की पहचान रोहतक की शिव नगर कॉलोनी निवासी करीब 23 वर्षीय सौरभ के तौर पर हुई है। वह केमिस्ट शॉप पर कार्य करता था तथा 13 दिसंबर को दुकान से एक घंटे में लौटने की बात कहकर निकला था। इसके बाद से पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। रविवार को अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के लिए कोई भी फोरेंसिक चिकित्सक उपलब्ध न होने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका था। इस मामले में मृतक के भाई साहिल के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## योगा ब्रेक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी : नांदल!



बेरी। आयुष विभाग द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को योगा ब्रेक के दौरान कार्यस्थल पर योगाभ्यास कराया गया। एसडीएम रेणुका नांदल सहित राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने वाई ब्रेक के दौरान यौगिक क्रियाओं का अभ्यास किया। आयुष विभाग से आयुष अधिकारी डॉक्टर बरखा, योगाचार्य गीता व प्रदीप कुमार ने योग व प्राणायाम की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। एसडीएम ने बताया कि सरकार द्वारा सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव मुक्त रह कर कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से वाई-ब्रेक देने का निर्णय लिया गया है। वाई-ब्रेक यानी योग के लिए ब्रेक में प्रत्येक कार्य दिवस में अधिकारियों व कर्मचारियों को पांच मिनट योगा करवाकर उन्हें तनाव रहित किया जा रहा है।

## छात्राओं को कॅरियर विकल्पों की दी जानकारी



बहादुरगढ़। प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेड़ा में विद्यार्थी कॅरियर मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रमुख दिनेश ने की। इस अवसर पर छात्राओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए विभिन्न प्रकार के कॅरियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षा, रोजगार व भविष्य की संभावनाओं से जुड़ी उपयोगी जानकारियां प्रदान की गईं। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन रोचक मुकाबले हुए

# तिरुपति टेक्नो और अंबर एंटरप्राइजेज ने जीते मैच

- धीरूभाई अंबानी क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। मैच में अपना जौहर दिखाते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

रिलायंस मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप व रिलायंस फाउंडेशन द्वारा धीरूभाई अंबानी के 93वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन ग्रुप-सी के अंतर्गत चार मैच विभिन्न कंपनियों की टीमों के बीच खेले गए। पहला मैच तिरुपति टेक्नो कंपनी एवं डायनामिक ऑयल कंपनी के बीच खेला गया। मैच में तिरुपति टेक्नो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 47 रन बनाए। जिसमें तिरुपति टेक्नो ने 6 विकेट से मैच जीता। खिलाड़ी अखिल को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच फैबकेयर कंपनी एवं अंबर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के बीच खेला गया, जिसमें अंबर एंटरप्राइजेज ने 10 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस मैच में दीपक कपूर को मैन ऑफ द मैच का खिताब प्रदान किया गया। तीसरा मुकाबला री सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड एवं रिलायंस एमईटी के बीच खेला गया। इस मैच में रिलायंस एमईटी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे ओवर में मैच जीत लिया। भानुप्रताप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथा मैच जेबी ग्लास कंपनी एवं रविक इंजीनियर्स के बीच खेला गया जिसमें जेबी ग्लास ने 38 रनों का लक्ष्य 8 ओवर में प्राप्त कर जीत हासिल की। जिसमें अंकित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट के आगामी चरण में विजेता टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे, पहला मुकाबला तिरुपति टेक्नो एवं अंबर एंटरप्राइजेज तथा दूसरा मैच रिलायंस एमईटी एवं जेबी ग्लास कंपनी के बीच होगा। इसके अलावा ग्रुप-ए से गांव दरियापुर तथा ग्रुप–बी से गांव निमाणा की टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

# एचपीएससी ने जेआरएफ स्कॉलर्स से किया मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसरों के परिणाम घोषित किए जाने पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। यूजीसी द्वारा नेट और जेआरएफ क्वालिफाई कर चुके अनेक योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को एचपीएससी द्वारा अयोग्य घोषित कर दिया गया। जिसे युवा प्रतिभाओं के साथ खुला मजाक बताया जा सकता है। यह प्रतिक्रिया एचपीएससी द्वारा यह कहे जाने के संदर्भ में आई है कि अंग्रेजी विषय में पर्याप्त योग्य उम्मीदवार नहीं मिले और सीटें खाली रह गईं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने कहा कि एक ओर हरियाणा सरकार अधिसूचना जारी कर यह दावा करती है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में केवल पीएचडी, नेट और जेआरएफ योग्य स्कॉलर्स ही पढ़ाएंगे, वहीं दूसरी ओर वही योग्य उम्मीदवार एचपीएससी द्वारा अयोग्य ठहराए जा रहे हैं। यह दोहरा मापदंड न केवल युवाओं के साथ अन्याय है, बल्कि इससे प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों में गहरी हताशा और निराशा फैल रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की धरती सदैव विद्वानों, बुद्धिजीवियों और प्रतिभा संपन्न लोगों की रही है। यहां ऐसे-ऐसे अंग्रेजी के विद्वान हुए हैं जिनकी विद्वत्ता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानी गई है। इसके बावजूद यह कहना कि हरियाणा में अंग्रेजी के योग्य असिस्टेंट प्रोफेसर नहीं मिले, प्रदेश की जनता और यहां की शैक्षणिक परंपरा का अपमान है। विक्रम कादियान ने एचपीएससी द्वारा घोषित परिणामों की न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि विषय के पेपर में केवल न्यूनतम पास अर्हता के आधार पर चयन करने के बजाय टॉपर और मेरिट के आधार पर चयन होना चाहिए। कठिन पेपर होने की स्थिति में स्वतः ही योग्य और अयोग्य की छंटनी हो जाती है। मौजूदा चयन प्रक्रिया से न केवल सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है, बल्कि युवाओं में हीन भावना भी पैदा होती है।

## निपुण हरियाणा के मुख्य प्रशिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



झज्जर। जिले में निपुण हरियाणा मिशन के मुख्य प्रशिक्षकों के लिए शहर के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के शुभारंभ पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य खंड स्तर पर शिक्षकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए मुख्य प्रशिक्षकों को दक्ष बनाना है, ताकि निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे प्रशिक्षण कक्ष में न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी उपस्थित रहें। यदि वे अपने-अपने खंडों में शिक्षकों को सफल एवं फलदायी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, तो यह निपुण मिशन के प्रति उनका एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। मिशन के जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि प्रशिक्षण में कुल 38 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें से 31 झज्जर जिले से और 7 रेवाड़ी जिले से संबंध रखते हैं।

## एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं


बेरी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

बेरी। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम दुरूस्त करवाना, नई पाइप लाईन बिछवाने, परिवार की आय दुरूस्त करवाने, बीपीएल कार्ड, अवैध कब्जे हटवाने बारे एवं विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने से संबंधित शिकायतें रखी। इस अवसर पर नपा सचिव पूजा साहू, जेई प्रवीण अहलावत, जेई प्रवीण मलिक, डॉक्टर ऋषिपाल, जेई योगेश कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय समाधान शिविर में उपायुक्त को 11 शिकायतें बताई


झज्जर। शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

- त्वरित राहत प्रदान करने का प्रभावी माध्यम शिविर

झज्जर। सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान 11 शिकायतें दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि यह मंच प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर त्वरित राहत प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए उसका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# भट्ठा मजदूरों को कंबल जूते -गर्म वस्त्र बांटे



बहादुरगढ़। सार्थक सेवा समिति की ओर से देशलपुर गांव स्थित शंकर ईंट भट्ठे पर मेहनतकश मजदूरों के लिए राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति ने बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को जूते व गर्म कपड़े वितरित किए। दो अति वृद्ध मजदूरों को रजाइयां दी गईं, जबकि प्रत्येक परिवार को एक-एक कंबल उपलब्ध कराया गया। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने बताया कि सर्दी के मौसम में भट्ठों पर यह समिति का दूसरा दौरा है। इस सीजन में अभी दो और चरणों में सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा कार्यक्रम में एसएम पाल, हरिचंद रोजा, महाबीर जांगड़ा, सुरेंद्र पाल मेहता, गुरमीत सिंह, आरके वशिष्ठ, कुलदीप सिंह, सत्यपाल सिंह, वजीर सिंह दहिया, ज्ञान सिंह सैनी, रामानंद रंगा, प्रिंस बंसल, कर्नल अनिल जून, सुमित्रा दहिया सहित अन्य सदस्यों ने सहभागिता की।

# बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ कानूनन अपराध : सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए सीजेएम विशाल। फोटो : हरिभूमि

एडीआर सेंटर में सोमवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा नशे के खिलाफ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानून अपराध है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एमडीडी ऑफ इंडिया एनजीओ द्वारा एक सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत आमजन को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, उनकी रोकथाम के उपायों तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

## इनेलो ने प्रदूषण पर सरकार को घेरा

बहादुरगढ़। इनेलो के युवा नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने प्रदेश में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता और खतरनाक स्तर तक पहुंच चुके प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की लापरवाही और ठोस नीति के अभाव में प्रदूषण अनियंत्रित रूप से बढ़ रहा है।

भूपेंद्र राठी ने कहा कि आज प्रदेश के अधिकांश शहरों और कस्बों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक श्रेणी में पहुंच चुका है। यह आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण बच्चों, बुजुर्गों और सांस व हृदय रोग से पीड़ित लोगों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। सरकार इस गंभीर मुद्दे पर केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित है।

**आयोजन** रामानुजन जयंती के उपलक्ष्य में जिले में कई जगह कार्यक्रमों का आयोजन

### गणित अध्यापकों ने केक काटकर रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित की

# जूनियर वर्ग में पृथ्वी सदन के प्रतिभागी मीत आयुषी, जयंत महलावत प्रथम स्थान पर रहे

- गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निदेशिका संगीता कोडान ने विद्यार्थियों को रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

एमआर स्कूल हसनपुर में रामानुजन जयंती के उपलक्ष्य में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी की शुरुआत गणित अध्यापकों द्वारा केक काटकर रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की।

विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि एवं तार्किक क्षमता को विकसित करने के लिए आयोजित इस अंतर-सदनीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निदेशिका संगीता कोडान ने विद्यार्थियों को रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने बताया कि दो वर्गों में विभाजित इस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तीसरी से सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थी तथा सीनियर वर्ग में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की रूपरेखा शिक्षिका प्रीति धनखड़, अनुराग कोडान, भारती, मंजू व अलका ने तैयार की।

जूनियर वर्ग में पृथ्वी सदन के प्रतिभागी मीत, तनिष, आयुषी, जयंत महलावत एवं दिव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सीनियर वर्ग में पृथ्वी सदन के प्रतिभागी केशवी, मुस्कान, माही, चिराग एवं पीयूष पहले स्थान पर रहे।

## मैथ क्विज में गांधी सदन के विद्यार्थी रहे अव्वल



झज्जर। गणित दिवस के उपलक्ष्य में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में मैथ्स क्विज का आयोजन किया गया। क्विज में नौवीं से ग्यारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता तथा समस्या-समाधान कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में गांधी सदन की टीम से मानसी, गीतिका, कनिका व नायशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि नेहरू सदन से मोहिनी, मोनिका, सुनैना व गरिमा द्वितीय रहे। प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने कहा कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि तर्क और समाधान की भाषा है।



## गणित प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। शहीद मेजर अमित देशवाल रावमावि सुरहेती में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी हुई। गणित शिक्षक सोमबीर बेनीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाले टीम प्रतिभागियों को शिक्षकों द्वारा शिक्षण सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर तनुमल शर्मा, रणबीर सुहाग, अजय कुमार, प्रिया कटारिया व सतीश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**NOTICE**

I, Priyanka D/O Omvir R/o H.No. 25/11, Gali.No.-3, Nai Basti, Bahadurgarh, Dist: Jhajjar, Haryana PIN-124507. hereby declare that my correct name is Priyanka and date of birth 20/06/1993 whereas the name/date of birth recorded in service records of my father is name- Priyanka Sharma and date of birth-1.1/2 years which is incorrect. My correct name- Priyanka & Date of birth- 20/06/1993 be used for all future purposes and same be changed in service records of my father.

## ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में करवाई 26वीं जिला झज्जर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता

# सन्नी, प्राची, यश और प्रशांत ने मारी बाजी

**चयनित खिलाड़ी 28 दिसंबर को सोनीपत में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में झज्जर जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एथलेटिक संघ झज्जर द्वारा ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में 26वीं जिला झज्जर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव चरण सिंह राठी ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि संजीव सैनी तथा भीम अवॉर्डी ओलंपियन कर्नल संत कुमार मौजूद रहे। संजीव सैनी ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया। वहीं कर्नल संत कुमार ने भी खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। लड़कों के अंडर 16 में सुंदरहेटी के सन्नी प्रथम, लडायन के वंश जाखड़ द्वितीय व लक्की दहिया तृतीय रहे। लड़कियों में बहादुरगढ़ की प्राची ने पहला, जमालपुर की आरती ने दूसरा और निमाणा की निशु ने तीसरा स्थान पाया।

अंडर-18 लड़कों में जमालपुर के यश, बराही के निखिल व बहादुरगढ़ के इशांत ने बाजी मारी। अंडर-20 में सिलानी का प्रशांत पहले, खेड़ी खुमार का निशांत दूसरे और बहादुरगढ़ का प्रिंस दहिया तीसरे स्थान पर रहा। कोच विक्रांत दलाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 28 दिसंबर को सोनीपत में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झज्जर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर सरपंच राकेश राठी, कुश्ती कोच सोल्हा पहलवान, अंतरराष्ट्री कोच करण राठी, सुमित राठी, प्रदीप दहिया सहित अन्य उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। अतिथियों व कोचों के साथ खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## जैसलमेर, दिल्ली व लखनऊ में जीते बीआरजी के धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजस्थान के जैसलमेर, उत्तरप्रदेश के लखनऊ और दिल्ली में हुई अलग-अलग दौड़ स्पर्धाओं में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। दिल्ली के राजघाट पर हुई एकल रन में 22 धावकों ने भाग लिया। बीआरजी संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि धावकों का यह प्रदर्शन उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है।

जैसलमेर में हुई डेजर्ट वॉरियर बीएसएफ मैराथन में बीआरजी के रोहतास कुमार 5 किलोमीटर में तृतीय स्थान, मंगेश राव ने चतुर्थ स्थान, नरेंद्र जांगड़ा ने 10 किलोमीटर में चतुर्थ स्थान, किरण नरूला ने पंचम स्थान, ब्रह्मप्रकाश मान ने चतुर्थ स्थान, कृष्णा राणा ने प्रथम स्थान और ललिता पाण्डेय ने 21 किलोमीटर में नौंवा स्थान प्राप्त किया। दिल्ली में हुई राजघाट एकल रन में प्रशांत चौधरी ने 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान और अंजुमन ने प्रथम स्थान हासिल किया। दीपक छिल्लर, डॉ. किरण छिल्लर, शमशेर सिंह, अभय टेटे, रितेश कुमार, सनी, विजेंद्र कुमार, वैभव, इकलास, सुनील सिखरी, अंजुमन, कविता सिखरी, आशुतोष कुमार, सुधीर पराशर, सोनपाल सिंह, नूर हुसैन, काजल शर्मा, रूपेश, अभय, अंकित व पन्नेलाल आदि ने दौड़ लगाई। लखनऊ में हुई स्टेडियम रन में प्रवीन कुमार सांगवान ने 6 घंटे की दौड़ में 40 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बादल टेवटिया ने 125 किलोमीटर की दूरी तय कर द्वितीय स्थान हासिल किया।



बहादुरगढ़। दौड़ के बाद जीतने वाले बीआरजी के धावक। फोटो: हरिभूमि

## स्टेट किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छाईं जिले की खिलाड़ी

बहादुरगढ़। फरीदाबाद में हुई हरियाणा राज्य खेलो इंडिया किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झज्जर की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 जिलों से करीब 200 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें झज्जर जिले की 7 खिलाड़ी शामिल रहीं। प्रतियोगिता में झज्जर की रूही गुलिया ने 28 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं 35 किलोग्राम भार वर्ग में गुंजन देवी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर ब्रांज मेडल जीता। जूनियर वर्ग के 50 किलोग्राम भार वर्ग में नैनसी ने फरीदाबाद की खिलाड़ी को पराजित कर गोल्ड हासिल किया। सीनियर वर्ग में भी झज्जर की खिलाड़ियों का दबदबा रहा। मधु कुमारी ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वहीं 65 किलोग्राम भार वर्ग में श्वेता सैनी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया, जबकि रिंग फाइट स्पर्धा में प्रीति जांगिड़ ने भी सिल्वर मेडल जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। कोच जसवंत सिंह ने बताया कि इन सभी खिलाड़ियों का चयन जनवरी में जम्मू में होने वाली खेलो इंडिया लीग की जोनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है, ये खिलाड़ी हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता के बाद जेके स्पोर्ट्स अकादमी पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। एसो. के जिला अध्यक्ष हवा सिंह ने विजेताओं का अभिनंदन किया।



बहादुरगढ़। कोचों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। प्रशिक्षण प्राप्त करने के प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### ट्रेनिंग पूरी होने पर बांटे सर्टिफिकेट

बहादुरगढ़। ग्राम सांखोल में स्थित सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित सूर्या कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में बच्चों के लिए सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कंप्यूटर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि शिव राजवाड़े ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा समय की आवश्यकता है। सूर्या कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में तीन-तीन महीने का बेसिक कंप्यूटर कोर्स संचालित किया जा रहा है। जहां ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे एवं महिलाएं कंप्यूटर का प्रारंभिक और उपयोगी ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। भविष्य में यहां एडवांस कंप्यूटर कोर्स की शिक्षा भी दी जाएगी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका नीति द्वारा किया गया। प्रथम स्थान पर चित्रा, द्वितीय वैशी व तृतीय स्थान पर याशिका रही। सभी सफल बच्चों को अतिथियों व ग्रामीणों द्वारा प्रोत्साहित किया गया।


बहादुरगढ़। लघु सचिवालय में वाई ब्रेक में योगाभ्यास करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### 'वाई-ब्रेक' के तहत करवाया योगाभ्यास

बहादुरगढ़। आयुष विभाग की ओर से बहादुरगढ़ स्थित लघु सचिवालय में वाई-ब्रेक कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय स्टाफ को योगाभ्यास कराया गया। इस योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक सुनील देवी और निशा द्वारा किया गया। आयुष विभाग की पहल पर सरकार द्वारा कार्यालयों में 15 मिनट का वाई-ब्रेक निर्धारित किया गया है। योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षक सुनील देवी और निशा ने कर्मचारियों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, भ्रामरी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम तथा मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। कर्मचारियों ने भी योगाभ्यास को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे काम के दबाव के बीच उन्हें सुकून और ऊर्जा का अनुभव हुआ। कार्यक्रम में कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करते हुए कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाने की सलाह दी गई।


बहादुरगढ़। 21 कुंडीय यज्ञ में आहुति डालते दलबीर आर्य के परिजन।

### कन्या गुरुकुल में करवाया 21 कुंडीय यज्ञ

बहादुरगढ़। वैदिक व गुरुकुलीय संस्कृति को बढ़ावा देते हुए सेवानिवृत्त अध्यापक आर्य दलबीर आर्य ने अपने पुत्र के विवाह की खुशियां कन्या गुरुकुल लोवा कलां की छात्राओं के साथ मनाई। इस अवसर पर उन्होंने कन्या गुरुकुल में वायुमंडल के शुद्धिकरण के लिए 21 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ की ब्रह्मा आचार्या डॉ. राजन मान रहीं। जबकि मुख्य यज्ञमान के रूप में नव दंपती अजय आर्य और रुबी आर्या उपस्थित रहे। आर्य प्रतिनिधि सभा जिला झज्जर के प्रधान आर्य हरिओ३म दलाल ने बताया कि कार्यक्रम में उनके परिजनों के अलावा ब्रह्मजीत आर्य, रविंद्र आर्य, बिजेंद्र खोखर, रणबीर कादयान व गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों ने भाग लिया।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री बनवारी लाल समेत अन्य भाजपाई।

### भाजपाइयों ने किया स्वदेशी अपनाने का आह्वान

बहादुरगढ़। आत्मनिर्भर भारत रथयात्रा का बहादुरगढ़ पहुंचने पर यात्रा संयोजक दिनेश कौशिक सहित अन्य भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यह यात्रा रोहतक रोड व रेलवे रोड से होती हुई अनाज मंडी पहुंची। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बनवारी लाल के साथ प्रदेश संयोजक पर्व शर्मा भी शामिल रहे। पूर्व मंत्री बनवारी लाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। आज भारत कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन चुका है। मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए हम रोजमर्रा के जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं। दिनेश कौशिक ने कहा कि युवा स्वदेशी उत्पादों के महत्व को समझें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी का जो नारा दिया है, वही आज देश की असली ताकत बन चुका है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा हमें एकजुट करती है और देशहित में काम करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में नप चेयरपर्सन सरोज राठी, मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, दिनेश शेखावत, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, सुदेश रंगा, मनजीत, विकास काजला, दीपक दलाल, कृष्ण पांचाल, नकुल कौशिक, विकास पंवार, शेखर कौशिक, ऋषि भारद्वाज, रवि, संदीप, अजय खुंडिया व सोनू आदि मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक गतिधियों से समझाया गणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। तीसरी से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने गणित से जुड़े विविध रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों द्वारा गणितीय आकृतियों पर आधारित मनमोहक सामूहिक नृत्य से हुई। जिसमें नायरा, प्रेक्षा, सना, पूर्वी, भावना और ईशा ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा चौथी की श्रेया, प्रियांशी, फलक, गायु, अदिति और मन्नत ने गणितीय चिन्हों पर आधारित एकांकी मंचन प्रस्तुत की। पांचवीं के विद्यार्थियों ने गणित से जुड़े रोचक तथ्यों की प्रस्तुति दी, वहीं छठी कक्षा ने संख्याओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सातवीं के मोहित, आनंद, कुशल, मयंक और नक्ष ने भारतीय गणितज्ञों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए देश की समृद्ध गणितीय परंपरा से परिचित कराया। आठवीं की रिद्धिमा, आराध्या ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रभावशाली भाषण दिया। प्रधानाचार्य वीएन झा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सेंचुरी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। सरदार गुरमीत सिंह को सम्मानित करते समूह सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### गुरमीत के जन्मदिन पर हवन के साथ लगाए पौधे

बहादुरगढ़। योग गुरु सरदार गुरमीत सिंह के जन्मदिन पर सोमवार को शहर के देवीलाल पार्क में योग शिविर के साथ ही हवन व पौधरोपण भी किया गया। तड़के योग कक्षा के बाद 6 बजे हवन शुरू हुआ। आचार्य विक्रम देव, चतुर्भुज, राजकिशन व जयपाल दहिया आदि ने वेद मंत्र उच्चारण के साथ हवन करवाया। इसके बाद 61वें जन्मदिन पर योगगुरु गुरमीत सिंह ने पौधरोपण किया। मोक्ष सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र चुघ ने उनके क्रियाकलाप को जमकर सराहा। योगाचार्य हरीश अरोड़ा, प्रवीण गुप्ता, कैलाश, एडवोकेट सुरेंद्र पाल महता, प्रधान पवन कुमार जसूजा, रमेश गंभीर, नवीन दहिया आदि ने गुरमीत सिंह को बधाई दी। सरदार स्वतंत्र सिंह, रजवंत कौर, सिमरनजीत कौर, गुरनूर कौर, मेहर सिंह, सरदार रजनवीर सिंह व चेतराम आदि ने सरदार गुरमीत सिंह के साथ पौधारोपण किया।


बहादुरगढ़। प्राचार्या पूनम चौधरी के साथ होनहार विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## मैथ्स मेनिया में किया शानदार प्रदर्शन

बहादुरगढ़। बाल विकास स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। करियर लॉन्चर बहादुरगढ़ में हुए मैथ्स मेनिया में कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किए। प्रतियोगिता में कक्षा 7 की समृद्धि और कक्षा 8 की सोनम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9 के हर्षित गुसाईं और कक्षा 10 के विनय ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्या पूनम चौधरी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

### भावी अध्यापिकाओं ने बनाए पोस्टर

*बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय के गणित क्लब द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के अद्वितीय योगदान को याद किया गया। छात्राओं ने गणितः भविष्य का आधार विषय पर रचनात्मक पोस्टर बनाए। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अपने-अपने इंटर्नशिप स्कूलों में भी राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। इन भावी अध्यापिकाओं ने स्कूली बच्चों को गणित की पहेलियों, रामानुजन के जीवन के रोचक किस्सों और मॉडल्स के माध्यम से विषय की महत्ता समझाई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि गणित को समाज के हर वर्ग तक सरल रूप में पहुंचाने की जिम्मेदारी शिक्षिकाओं की है। कार्यक्रम का आयोजन गणित क्लब की प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ. किरण मलिक द्वारा करवाया गया।*

- **वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर कार्यक्रम**


बहादुरगढ़। गणित पर बनाए पोस्टर दिखाती भावी अध्यापिकाएं। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टॉफ। फोटो: हरिभूमि

### गणित मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई

बहादुरगढ़। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में सोमवार को विश्वविख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस दौरान नौवीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों व छात्राओं ने गणित विषय से संबंधित विभिन्न मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्या मंजू रानी व उपप्राचार्या सुशीला देवी ने गणित प्रवक्ताओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गणित प्रवक्ता दिनेश कुमार, संध्या, सीमा खत्री, अनिल अहलावत व पवन कुमार उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### साधारण यात्री गाड़ियों का लगातार बंद होना यात्रियों के लिए बड़ी समस्या

## रेल किराया बढ़ोतरी पर मंच ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक मंच बहादुरगढ़ ने रेल किराए में की गई बढ़ोतरी पर कड़ा ऐतराज जताया है। किराया बढ़ोतरी के फैसले को वापस लेने सहित कई मांग भी उठाई है।

संयोजक रामकिशन ने कहा कि समाचार माध्यमों से मिली जानकारी के अनुसार, रेल किराया बढ़ाया गया है। जबकि जमीनी स्तर पर रेल सेवाएं पहले से ही संतोषजनक नहीं हैं। साधारण यात्री गाड़ियों का लगातार बंद होना यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक दिल्ली-रोहतक और रोहतक-दिल्ली रूट पर पैसेंजर ट्रेनें नहीं चलतीं, जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में किराया बढ़ोतरी पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि स्लीपर क्लास तक किसी भी प्रकार की किराया वृद्धि न की जाए। शकूरबस्ती सर्कुलर, फिरोजपुर पैसेंजर सहित सभी पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाए। बहादुरगढ़ सहित सभी स्टेशनों पर दोनों ओर टिकट विंडो खोली जाएं। मंच का कहना है कि यदि इन मांगों को जल्द पूरा किया जाता है तो रेल यात्रा अधिक सुरक्षित और सुलभ बनेगी, जिससे रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।


बहादुरगढ़। रेल किराया बढ़ोतरी का विरोध जताते मंच सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### ऑनलाइन मेडिटेशन सेशन में लगाया ध्यान



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में ऑनलाइन सत्र के माध्यम से मेडिटेशन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के समस्त टीचिंग स्टाफ और छात्राओं ने ध्यान प्रक्रिया से जुड़कर स्वयं का बौद्धिक विन्यास किया। ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट और श्री रामचंद्र मिशन के सौजन्य से ग्लोबल गाइड दाजी, कमलेश डी पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन शैली में खुद को तनाव, आक्रोश, क्रोध, अवसाद से बचाने के लिए स्वयं को केंद्रित करते हुए ध्यान का अभ्यास कर हम ऊर्जावान बन सकते हैं। ऐसे ऑनलाइन सत्र के माध्यम से शांति, करुणा, प्रेम-भाव, एकता, दया व परोपकार का संगठित भाव अनुभव करने के लिए ध्यान करते हैं। वाईआरसी और ड्रग एब्यूजिंग सेल की प्रभारी डॉ शालू शर्मा ने कहा कि अच्छा ध्यान अभ्यास आपके जीवन को नियंत्रित करता है।